# Chapter 1 Segment 3

## *Movie: Trip to India*
## *(दो दोस्त मिलती हैं )*

**Activity 1: Watch Video**
**Instruction:** Watch the following conversation between Preeti and Madhu and then sub-vocalized it.

**NCSU Mediasite Video:**
**http://chass.online.ncsu.edu/online/Play/d6926ea0728c4838b623020c929200b31d?catalog=f363f825-ec88-4fa4-bb00-519a08f6bbf9**
**YouTube Link:**
**https://www.youtube.com/watch?v=SD1kNbzB_r8&list=PLveLz7FIFiWsz8cgCmMn1TiVM9fvjWdzF&index=3**

**Time: 1:30 - 2:33**

प्रीति: गहने वग़ैरह खरीदे कि नहीं ? आजकल तो सोने का भाव आसमान छू रहा है और र भारतीय लोग तो शादियों में सोना ख़रीदने से बिलकुल पीछे नहीं रहते हैं ।
**मधु:** गहने ! हाँ, गहने तो हम लेने गये थे । मम्मी का एक बहुत पुराना सोनार है । उसके पास हम गये थे । एक दो हार तो पसन्द भी आये । लेकिन आपने सच कहा कि सोने के दाम तो इतने बढ़ गये हैं कि हमें लगा कि वह तो नहीं लेना चाहिये । फिर हमारी नज़र एक हीरे के हार पर पड़ी । तो हमने सोचा कि इसके तो दाम भी कम है और चमक भी ज़्यादा है । तो इसबार हम हीरे का हार ही लेकर आये ।
प्रीति: आपने बड़ी समझदारी की बात की जो हीरे का ले कर आयीं । यहाँ पर तो लोग इतना सोने पहनते भी नहीं हैं । अगली बार मैं जब इंडिया जाऊंगी तो मैं भी हीरे का हार ले कर आऊंगी । जिससे कि मैं आफिस भी पहन कर जा सकूँ । और फ़्लाइट का सफ़र कैसा रहा था ?
**मधु:** फ्लाइट यहाँ से शिकागो तक की थी । शिकागो से साढ़े सात बजे की फ्लाइट थी और हम लोग ढाई बजे के करीब पहुँच गये थे । एयरपोर्ट से निकल कर हम लोगों ने टेक्सी की और हम लोग सीधे ही जा कर शादी वाले घर पहुँच गये ।

**Activity 2: Vocab List**

**Instruction:** Listen to the audio and then write the English translations of the following Hindi words.

| Hindi | English |
|---|---|
| गहने वग़ैरह | |
| खरीदे कि नहीं | |
| आजकल तो | |
| सोने का भाव | |
| आसमान छू रहा है | |
| भारतीय लोग | |
| बिलकुल पीछे नहीं रहते | |
| पुराना सोनार | |
| एक दो हार तो | |
| नज़र पड़ी | |
| हमें लगा कि | |
| हीरे के हार | |
| चमक भी ज़्यादा है | |
| समझदारी की बात | |
| यहाँ पर तो लोग | |
| इतना सोना पहनते भी नहीं | |
| अगली बार | |
| जिससे कि | |
| फ़्लाइट का सफ़र | |
| सफ़र कैसा रहा | |

**<u>Activity 3:</u> Ask Your Friend**

**Instruction:** Ask the following comprehensive questions to your classmates and write down their answers in Hindi. Translate their answers into English as well.

| **Hindi Question & English Translations** |
|---|
| a. भारतीय लोग शादियों में क्या खरीदने से पीछे नहीं रहते ? |
| b. वर्तमान बढ़ती हुई महंगाई पर प्रीति ने क्या कहा है ? |
| c. मधु गहने-वगैरह खरीदने के लिये कहाँ गयी और वहाँ पहुँचकर उसने क्या सोचा ? |
| d. अचानक मधु की नज़र किस पर पड़ी और उसने क्या किया ? |
| e. आखिर में मधु ने क्या खरीदने का निश्चय किया ? |
| f. प्रीति के अनुसार मधु ने किस समझदारी की बात की ? |
| g. अमेरिका में भारतीय औरतों का गहनों के प्रति कैसा विचार है ? क्या वे हमेशा गहने वगैरह पहनने में रूचि रखती हैं ? प्रीति ने उसपर अपना कैसा विचार व्यक्त किया है ? |
| h. मधु ने अंत में क्या खरीदने का फैसला किया और क्यों ? |
| i. प्रीति ने फ्लाइट के सफ़र के बारे में क्या पूछा था और मधु ने क्या जवाब दिया ? |

| |
|---|
| |
| j. **फ्लाइट कहाँ से गयी थी** और **वे लोग बीच में कहाँ पर रूके ? साथ ही शादीवाले घर वे सब कैसे पहुँचे ?** |

**<u>Activity 4</u>: Grammar in Context:**

**Instruction:** Read the following conversation and write the appropriate grammatical fragments in the bottom box. Create your own Hindi questions by using the respective fragments.

| |
|---|
| **प्रीति:** गहने वग़ैरह खरीदे कि नहीं ? आजकल तो सोने का भाव आसमान छू रहा है और भारतीय लोग तो शादियों में सोना ख़रीदने से बिलकुल पीछे नहीं रहते हैं । **<u>मधु:</u>** गहने ! हाँ, गहने तो हम लेने गये थे । मम्मी का एक बहुत पुराना सोनार है । उसके पास हम गये थे । एक दो हार तो पसन्द भी आये । लेकिन आपने सच कहा कि सोने के दाम तो इतने बढ़ गये हैं कि हमें लगा कि वह तो नहीं लेना चाहिये । फिर हमारी नज़र एक हीरे के हार पर पड़ी । तो हमने सोचा कि इसके तो दाम भी कम है और चमक भी ज़्यादा है । तो इसबार हम हीरे का हार ही लेकर आये । **प्रीति:** आपने बड़ी समझदारी की बात की जो हीरे का लेकर आयीं । यहाँ पर तो लोग इतना सोना पहनते भी नहीं हैं । अगली बार मैं जब इंडिया जाऊंगी तो मैं भी हीरे का हार ले कर आऊंगी । जिससे कि मैं आफिस भी पहन कर जा सकूँ । और फ़्लाइट का सफ़र कैसा रहा था ? **<u>मधु:</u>** फ्लाइट यहाँ से शिकागो तक की थी । शिकागो से साढ़े सात बजे की फ्लाइट थी और हम लोग ढाई बजे के करीब पहुँच गये थे । एयर पोर्ट से निकल कर हम लोगों ने टेक्सी की और हम लोग सीधे ही जा कर शादी वाले घर पहुँच गये । |

| Grammatical Terms | Hindi Fragments & Hindi Questions |
|---|---|
| **Simple Present Tense** | |

| | |
|---|---|
| | |
| Simple Past Tense | |
| Compound Verbs | |
| Conjunct Verbs | |
| Subjunctive Forms | |
| Future Tense | |
| Expressions | |

**Activity 5:**  **Pair up**

**Instruction:** Write about Preeti’s worries in Hindi and then tell your partner about it by using “She-वह” not “Preeti” (Remember to use ने construction whenever necessary). For example: उसने कहा कि सोने का दाम बहुत बढ़ गया है ।

**<u>Activity 6:</u>**  **Pair up**

**Instruction:** Look at the previous conversation. Write about Madhu's experience in the market. Share your writing with the class and take turns to describe Madhu's experience.

**<u>Activity 7:</u>**  **Brainstorming**


**Instruction:** Pair up and discuss the meaning of the following dialogue with each other. Write down the main points you have discussed along with few suggestions during shopping in India.

“आजकल तो सोने का भाव आसमान छू रहा है और भारतीय लोग तो शादियों में सोना ख़रीदने से बिलकुल पीछे नहीं रहते हैं ।”

**<u>Activity 8:</u> Comparison**

**Instruction:** Compare your experience between shopping in India versus America. You can compare shopping in two different towns as well. Things to include:

| |
|---|
| दाम, लोग, बाज़ारों की जगह, खाने-पीने की व्यवस्था, लोगों की भीड़-भाड़, बढ़ती महँगाई, लोगों का पहनावा, खरीदने और बेचने की भाषा, बोलचाल, बाज़ारों की रौनक, टंगी हुई चीज़ें, कुर्ते-कमीज़, साड़ियाँ, बच्चों के खेलने की जगह |



**Activity 9: Give Suggestions**

**Instruction:** Give five suggestions from your experience to your friends who are planning to go for shopping in an Indian store here in America or in India. Remember to use “what not to do and what they should do”.

For example: हमेशा मोलभाव करना चाहिये। जो दाम बोलते हैं वह कभी नहीं देना चाहिये।

**Activity 10: Future Plans for Shopping**

**Instruction:** Write about your future shopping plans in India or some other country/city. Remember to use the following words and fragments.

| |
|---|
| शादी की तै्यारियाँ, सगाई की रश्में, रिश्तेदारों के लिये, उपहार के तौर पर, भीड़-भाड़, दुकानदारों की बातें, बहनों का पसंद, घरवालों की खुशी, मोलभाव करना, रिक्शे का सफ़र, खाने-पीने की दुकानें, बढ़ती गर्मी के कारण, चीज़ों की कीमत |

**Activity 11**: **Tell the Story**

**Instruction:** Write about your trip (a flight/cruise/road trip) and tell it to your friends/classmates. Hints are given below/ Make sure to use the following vocabulary words and fragments.

| |
|---|
| स्थान, यात्रा का समय, टिकट कब और कहाँ ख़रीदी, कितने लोग, किसके साथ, कब-कैसे पहुँचे, क्या खाया (जाने से पहले, प्लेन के अंदर, पहुँचने के बाद), कपड़े-बैग्स-जूतों के बारे में, किसी के साथ बात-चीत, किसी तरह की सहायता, प्लेन के अंदर कैसे समय गुज़ारा, मूवी देखना, ऐअर होस्टेस से बातचीत (क्या पूछा, जवाब, कितने समय), कोई ऐसी घटना जो दिलचस्प हो। |

**Activity 12: Watch and Answer**

**Instruction:** Listen to the following conversation between Preety and Madhu and give the answers of the following comprehensive questions.

**NCSU Mediasite Video:**

**http://chass.online.ncsu.edu/online/Play/d6926ea0728c4838b623020c929200b31d?catalog=f363f825-ec88-4fa4-bb00-519a08f6bbf9**

**YouTube:https://www.youtube.com/watch?v=SD1kNbzB_r8&index=3&list=PLveLz7FIFiWsz8cgCmMn1TiVM9fvjWdzF**

**Timing:** 2:34-3:34

**प्रीति: और** लड़की वाले कहाँ के हैं ? क्या वे लोग भी दिल्ली से ही हैं ?

मधु: लड़की वाले शिमला के हैं, बहुत ही सीधे-सादे लोग हैं। उनके और हमारे रीति-रिवाज काफ़ी मिलते जुलते हैं। फिर भी उनकी कुछ रस्में अलग हैं जिन में हम ने बढ़-चढ़ के भाग लिया।

**प्रीति:** और दुलहन कैसी लगी आपको ?

मधु: दुलहन बहुत सुन्दर और सुशील हैं और बहुत पढ़ी लिखी भी हैं। उनकी जो नौकरी है वह दिल्ली में ही है। बहुत ही कम समय में वह हमारे साथ घुल मिल गयी। उन्होंने हमारे घर के वातावरण को जल्दी ही अपना लिया।

**प्रीति:** आपकी मामी जी तो बहुत खुश होंगी ऐसी बहू पाकर। और तस्वीरें बगेरह खींची आपने, कुछ लेकर आयी हैं दिखाने के लिये ?

मधु: हाँ यार, उन लोगों ने बहुत सारी तस्वीरें खींची और विडियो भी बनाया। लेकिन अभी हम लोगों को भेजा नहीं है। जब वह मुझे इमेल भेजेंगे तो मैं आप सब लोगों को एक दिन खाने पर बुलाऊंगी और हम लोग सब एकसाथ बैठ कर शादी का फिर से मज़ा उठायेंगे। मुझे आप को दिखाना है कि मैंने कौन कौन सी साड़ियाँ पहनी थीं।

**a. दुलहन के घरवाले कहाँ के रहनेवाले हैं और मधु ने उनलोगों के बारे में क्या बताया ?**

**b. दुलहन के घर की रीति-रिवाज मधु के घरे से कितने अलग हैं और मधु के परिवारवालों ने दुलहन के घर की रीति-रिवाज को किस तरीके से अपनाया और किस तरीके से उनमें भाग लिया ?**

c. मधु ने दुलहन के स्वभाव के बारे में क्या बताया ?

d. शादी मे तस्वीरें वगैरह खींची गयी या नहीं ? जब प्रीति ने तस्वीरें दिखाने के लिये पूछा तो मधु का जवाब कैसा था ?

e. मधु ने सबको घर पर बुलाने की बात क्यों कही और उसके पीछे उसका क्या मकसद है ?